







# झमाझम बारिश से शहर हुआ पानी-पानी, गर्मी से मिली राहत

## नगर निगम की सफाई व्यवस्था की खुली पोल, शहर के कई मोहल्लों में सड़कों पर भरा पानी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, शहर सहित जिले भर में गुरूवार को रूक-रूक कर घंटो झमाझम बारिश हुई. बारिश होने के बाद लोगो को गर्मी से जहा राहत मिली. वही शहर की सफाई व्यवस्था की पोल भी खुलकर सामने आ गई. शहर के कई ऐसे मोहल्ले है जहा नालियों की पानी सड़को पर भर गया.**




जिससे लोगो को घरो से निकलने में परेशानियां उठानी पड़ी. तो वही कई मोहल्लो में नालियों और नालों पर अतिक्रमण के चलते पानी निकासी न होने के वजह से जलभराव की समस्या बनी. लोगो में नगर निगम के प्रति आक्रोश भी देखने को मिला. रूक-रूक कर हुई झमाझम बारिश के चलते शहर की सड़के तरबरत हो गई. शहर के वार्ड क्रमांक 15, वार्ड 4, वार्ड 7, वार्ड 13, वार्ड 16, वार्ड 26 सहित 34 और 35 में कई जगह नालियां जाम होने और अतिक्रमण के चलते पानी निकासी अवरूद्ध हुई. जिसकी वजह से सड़को पर पानी भरा रहा और लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा. इसी तरह सांई मंदिर के सामने, गुड़हाई बाजार, पीली कोठी सहित अन्य जगहों पर जलभराव की समस्या बनी रही. जब रूक-रूक हुई बारिश से हाल इस तरह है तो आने वाले दिनों में होने वाली झमाझम बारिश से स्थित और बिगड़ सकती है.

### रीवा में एक जून से अब तक 30 .7 मिली मीटर वर्षा

जिले में एक जून से अब तक 30 .7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. इस अवधि में तहसील हुजूर में 39 .3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 8 मिलीमीटर, गुढ़ में 74 मिलीमीटर, सिरमौर में 12 मिलीमीटर, त्योंथर में 8 मिलीमीटर, सेमरिया में 46 मिलीमीटर, मनगवां में 12 मिलीमीटर और जवा में 46 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गत वर्ष इसी अवधि में 138 .2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. उन्होंने बताया कि जिले में 2 जुलाई को 4 .6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन सर्वाधिक 18 मिलीमीटर वर्षा तहसील जवा में दर्ज की गई.

### मऊगंज जिले में 56 .9 मिली मीटर औसत वर्षा

मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 56 .9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में तहसील मऊगंज में 48 .6 मिलीमीटर, हनुमना में 64 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 58 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष जिले में इसी अवधि में 363 .4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले में 2 जुलाई को तहसील हनुमना में 20 मिलीमीटर और नईगढ़ी में 44 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई.



# जलभराव वाले क्षेत्रों का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, गुरुवार दोपहर हुई तेज वर्षा के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने पर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने भी स्वयं भ्रमण कर जलभराव एवं चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ राहत कंट्रोल रूम में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तत्काल संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा का बाढ़ राहत कंट्रोल रूम पूर्णतः सक्रिय होकर कार्य कर रहा है. कंट्रोल रूम में प्राप्त हो रही जलभराव एवं जल निकासी संबंधी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर निगम की टीमें युद्धस्तर पर प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सुधार कार्य कर रही हैं. जहां-जहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहां जेसीबी मशीनों एवं मैन्युअल संसाधनों के माध्यम से नालियों की सफाई, अवरोध हटाने तथा त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करते प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य बनाने के प्रयास किए गए. नगर निगम कंट्रोल रूम में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित वार्डों में तत्काल कार्रवाई करते हुए जल निकासी सुनिश्चित की गई.

निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया है कि वर्षाकाल के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर मौके पर पहुंचकर निराकरण सुनिश्चित किया जाए. कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी.

## संक्षिप्त

### मेरा युवा भारत सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा,** , युवा कार्यक्रमों के लिए मेरा युवा भारत की जिला सलाहकार समिति की बैठक 3 जुलाई को शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी करेंगी. जिला युवा अधिकारी ने बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 8 को

**रीवा,** संभाग स्तरीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक कमिश्नर कार्यालय संभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह करेंगे. नजूल भूमि निर्वर्तन समिति जिला रीवा द्वारा प्रस्तुत 8 प्रकरणों पर निर्णय के लिए बैठक का आयोजन किया जा रहा है. उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### तेजस्विनी सिंह को शोध उपाधि

**रीवा,** विंध्य क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री सिंह बघेल की सुपुत्री



तेजस्विनी सिंह को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा सतना जिले के नगरीकरण एवं पर्यावरण के सामाजिक एवं भौगोलिक अध्ययन पर पी. एच.डी.की शोध उपाधि प्रदान की गई है. शासकीय रणमत सिंह स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में भूगोल संकाय की गेस्ट फैकल्टी व्याख्याता तेजस्विनी सिंह ने अपना यह महत्वपूर्ण शोध अध्ययन डॉ. ऐणकेण सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बी. पी. सिंह के कुशल निर्देशन पर पूर्ण किया है. तेजस्विनी सिंह की इस उपलब्धि पर विंध्य क्षेत्र के अधिवक्ताओं के साथ ही वरुणेन्द्र प्रताप सिंह, दिवाकर सिंह, शिखा सिंह, विश्वजीत सिंह, श्वेता सिंह, स्मृता सिंह, अभिषेक सिंह व मोहिनी सिंह व सभी शुभचिंतकों ने प्रसन्नता का इजहार कर हार्दिक बधाई दी है.



### मऊगंज पेंशनर्स एसोशिएशन ने दिया ज्ञापन

**मऊगंज,** मऊगंज पेंशनर्स एशोसिएशन ने लंबित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया. संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ए0पी0 द्विवेदी को यह मांग पत्र सौंपा. एशोसिएशन का कहना है कि मांगों पर ठोस निर्णय न होने से पेंशनभोगी परिवार आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं. ज्ञापन में सरकार से छः प्रमुख मांगो पर तुरंत फैसला लेने की अपील की गई. एसोशिएसन ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में कर्मचारियों की तरह पेंशनर्स से भी प्रीमियम वसूले जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है. संगठन की मांग है कि, इस प्रस्ताव को वापस लेकर बुजुर्ग पेंसनर्स को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए. इसके अलावा एशोसिएशन ने मांग की है कि, 80 वर्ष की आयु पूरी होने पर मिलने वाले अतिरिक्त 20 प्रतिशत पेंशन लाभ को बदलकर 79 वर्ष की उम्र पूर्ण होने पर ही लागू कर दिया जाये. साथ ही नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर पेशननर्स को भी उपादान (ग्रेज्युटी) की राशि दी जाये. पेंशनर्स एसोशिएशन ने कहा कि यदि इन लंबित मांगो का जल्द ही न्यायोचित सामाधान नहीं निकाला गया तो बुजुर्ग पेंशनर्स के बीच असंतोष और ज्यादा बढ़ेगा. संगठन ने राज्य सरकार से संवेदनशीलता दिखाते हुये इन मुद्दों पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है.

### आकाशीय बिजली से स्वयं को बचाएं

**रीवा,** आकाशीय बिजली से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं. इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है. आकाशीय बिजली से बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं. आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है. वर्षा ऋतु के प्रारंभ में दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं. ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है. ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है. जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें. ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें.

# सर्प दंश से घबराएं नहीं, एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, जिले में वर्षा का क्रम शुरू हो गया है. वर्षा के दौरान साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है.**

इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं. साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ित की जान आसानी से बचाई जा सकती है. साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं. यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है. समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है. डॉ. त्रिपाठी ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है. पीड़ित को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं. विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ित में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है. इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है. इस लिसे समय पर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं.



# विधायक सिद्धार्थ ने जनचौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विधानसभा के विभिन्न गांवों चौरा नानकर, नौढिया, बारी, बरछा, मोहगांव एवं ककरहा आदि का भ्रमण कर जनचौपालों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया.**

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा प्राप्त जनसमस्याओं एवं प्रशासनिक अड़चनों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने नागरिकों से पात्रता के अनुसार सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया तथा आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा आने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं. विधायक श्री तिवारी ने कहा कि जनता से उनका संबंध केवल एक जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि तीन पीढ़ियों से जुड़े आत्मीय एवं भावनात्मक रिश्ते का है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएँ और सुझाव उनके समक्ष रखे, उनके समाधान के लिए वे सदैव तत्पर हैं. इस अवसर पर भाजपा रायपुर-सोनौरी मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच वेद प्रकाश मिश्रा, तुलाराम पाठक, कालीचरण मिश्रा, मंगला प्रसाद त्रिपाठी, बृजेश कुमार मिश्रा, पूर्व सरपंच गिरजा शंकर चौबे, विवेक तिवारी, मोहनलाल पाल आदि मौजूद रहे.

# शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी : बाबा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने निगम आयुक्त अक्षत जैन की उपस्थिति में गुरुवार को नगर निगम सभागार में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली.**



बैठक में महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे.

बैठक के दौरान महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने शहर के मुख्य मार्गों, डिवाइडरों, प्रमुख चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के निर्देश दिए. साथ ही प्रत्येक वार्ड एवं गली-मोहल्ले में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी स्वच्छता निरीक्षकों को प्रतिदिन अपने-अपने जोन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने सफाई कार्यों में आवश्यक सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि जो कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए. बैठक में एमआईसी सदस्य गुलाम अहमद, कार्यपालन यंत्री एवं एसबीएम नोडल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार मौजूद रहे.

# लायंस क्लब रीवा ग्रेट ने किया डॉक्टर्स का सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, रीवा नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था लायंस क्लब रीवा ग्रेट द्वारा 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के अवसर पर नगर के 14 वरिष्ठ डॉक्टर्स का सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन दर्पणा स्वर्णकार ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ लायन वीरेंद्र आर्य, रीजन चेयरपर्सन लायन मानोज्ञा सिंह एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन लता आर्या, जोन चेयरपर्सन लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री, एरिया ऑफिसर वी नीलम चौरसिया वी क्लब की अध्यक्ष वी गायत्री गुप्ता उपस्थित थे. ध्वज वंदना का वाचन लायन अर्चना श्रीवास्तव ने किया. तत्पश्चात क्लब द्वारा 14 डॉक्टर्स का सम्मान किया गया. जिनमें डॉक्टर बी डी त्रिपाठी, डॉक्टर लवकुश तिवारी, डॉक्टर संयम गुप्ता, डॉ अजीत सिंह, डॉक्टर एम आर पटेल, डॉ निशा गुप्ता, डाक्टर पल्लवी श्रीवास्तव, डॉक्टर रिचा सिंह, डाक्टर मीनल पसारी, डॉ अमित अवाधिया, डॉ अर्चना सिंह का सम्मान शाल एवं ट्रॉफी देकर किया गया. डॉक्टर्स ने भी इस अवसर पर अपने कुछ अनुभव शेयर किये. सभी अतिथियों का आभार लायन दीप्ति अग्निहोत्री सचिव द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन लायन वीरेंद्र आर्य ने किया.

### घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर मिलतें हैं 25 हजार

**रीवा, 2 जुलाई,** सड़क दुर्घटनाओं तथा इनमें होने वाली असमय मौतों को रोकने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसके तहत सड़क दुर्घटनाओं की मानीटरिंग तथा तत्परता से राहत और बचाव के लिए ई डॉर पोर्टल शुरू किया गया है. दुर्घटना पीड़ितों को निर्भय होकर तत्परता से सहायता पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है. इसके लिए लागू राह-वीर योजना से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है. यह योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है. इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' यानी दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाने वाले मददगार व्यक्ति को प्रोत्साहित करना है. मदद करने वाले व्यक्ति जिसे राह-वीर या गुड समेरिटन अथवा नेक नागरिक कहा जाता है, 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है.

# गांवों की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करेगी वीबी-जीराम जी योजना : जनार्दन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका और रोजगार को नई दिशा देने के लिए शुरू किए गए महत्वाकांक्षी अभियान विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीराम जी योजना शुरू की गई है.**




योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में आन्ध्रप्रदेश के तिरुपति जिले में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का यह दिन हमारे ग्रामीण भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है. वीबी जीराम जी योजना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे गांवों की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने का संकल्प है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका का जो संकल्प तिरुपति से लिया गया है, उसकी गूंज आज रीवा के हर गांव में सुनाई दे रही है. हर हाथ को काम मिले और हर ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो. जब हमारे गांवों की माताएं, बहनें और युवा आत्मनिर्भर होंगे, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा. वर्ष 2047 तक भारत को एक महाशक्ति और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह योजना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी. नई योजना से गांव के विकास को गति मिलेगी. मजदूरों को तीन सौ रुपए प्रतिदिन बढ़ी हुई मजदूरी मिलेगी. कार्यक्रम में जिला पंचायत रीवा के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान श्रीमती सुमन बलिकरण साकेत, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी आदि मौजूद रहे.

### नई योजना में मजदूरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे : सिंह

कार्यक्रम में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि नई योजना में मजदूरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे. ग्रामीण क्षेत्र में अधोसंरचना के विकास कार्यों में तेजी आएगी जिससे गांव का समग्र विकास होगा. उन्होंने इस योजना को क्रांतिकारी कदम बताया. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि यह ग्रामीण भारत की सबसे बड़ी रोजगार योजना है. इस नई योजना में मजदूरों और ग्रामीणों के लिए कई बड़े सुधार किए गए हैं.

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मिलेगी दो लाख तक की सहायता राशि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 जुलाई, अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति तथा मृतक के निकटतम वारिस को सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है.**

यह प्रावधान केन्द्र सरकार की हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना योजना के तहत लागू किए गए हैं. नई व्यवस्था के तहत अब अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है, जो पहले मात्र 25 हजार रुपये हुआ करती थी. योजना के तहत दुर्घटना में व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है.

# दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें : जैन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने दिव्यांगजनों की मांगों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**




कलेक्टर कक्ष में आयोजित बैठक में दिव्यांग प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में दिव्यांग प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने, बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने तथा पात्र दिव्यांगजनों के नाम गरीबी रेखा सूची में शामिल किए जाने सहित विभिन्न मांगें रखीं. कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर मौजूद रहे.